दिनांक-06.07.2021
स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

संभावित डेंगू मरीज हैदराबाद से आये थे जिनकी एन.एस.- 1 एवं एलिजा रिपोर्ट की पुष्टि नहीं हुई है भिलाईनगर। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत श्रीमती मोनिका सिन्हा पति श्री समर सिन्हा 56 वर्ष निवासी एम.आई.जी-1, 1016 हुडको वार्ड 70 संभावित डेंगू मरीज की जानकारी प्राप्त होते ही नगर पालिक निगम भिलाई एवं जिला मलेरिया दुर्ग की संयुक्त टीम द्वारा उक्त क्षेत्र में सर्वे किया गया। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित मरीज मोनिका सिन्हा अपने पति समर सिन्हा के ईलाज (पेट दर्द) के लिए हैदराबाद में दिनांक 23.06.2021 से 27.06.2021 तक थे, दिनांक 28.06.2021 को भिलाई आये थे, दिनांक 30.06.2021 को पीड़ित मोनिका सिन्हा को हल्की बुखार , उल्टी और कमजोरी के लक्षण होने के कारण दिनांक 01.07.2021 को ईलाज कराने गई और दिनांक 03.07.2021 को स्पर्श अस्पताल में भर्ती होने के बाद रैपिड टेस्ट में संभावित डेंगू मरीज होने के लक्षण पाये गये अस्पताल प्रबंधन द्वारा एन.एस.- 1 एवं एलिजा रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की गई है।
नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा हुडको में डेंगू के संभावित पीड़ित मरीज के घर के 300 मीटर की परिधि क्षेत्र में लार्वा पनपने वाले स्रोत की जांच कराया गया किसी भी स्थान पर लार्वा नहीं पाया गया। घर के सदस्यों ने यह जानकारी दी की हैदराबाद में पेट में दर्द के ईलाज के दौरान वहाॅ से आने के बाद बुखार आया है।
नगर पालिक निगम भिलाई की टीम द्वारा घर-घर सर्वे करते हुए कूलर , पानी टंकी, गमला व अनुपयोगी पात्रों की जांच करते हुए डेंगू से रोकथाम के लिए टेमीफाॅस का छिड़काव तथा घर के बाहर नाली तथा जलजमाव वाले स्थानों पर मैलाथियांन का छिड़काव किया जा रहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी